| |
|---|
| दिनांक 11.01.2025 |
| प्रेस विज्ञप्ति 17/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**जनपद फतेहपुर/थाना कल्यानपुर**

- **पुलिस कार्यवाही में 25–25 हजार रूपये के 02 पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **नगद रूपये**
- **01 मोटर साइकिल**
- **02 अवैध तमंचा मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद**

दिनॉकः 10/11.01.2025 की रात्रि थाना कल्यानपुर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर चेकिंग के दौरान महरहा पुलिया बसावन खेड़ा मोड़ के पास बदमाशों की घेराबन्दी की गयी तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1–गोलू उर्फ राजकुमार घायल हो गया, जिसे अभियुक्त 2–रामसंजीवन सहित गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से नगद रूपये, 01 मोटर साइकिल, 02 अवैध तमंचा मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना कल्यानपुर पर पंजीकृत अभियोग में वॉछित चल रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25–25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त गोलू उर्फ राजकुमार के विरूद्ध कमिश्नरेट कानपुर नगर व जनपद फतेहपुर के विभिन्न थानों पर चोरी के लगभग 01 दर्जन अभियोग व अभियुक्त रामसंजीवन के विरूद्ध कमिश्नरेट कानपुर नगर, जनपद फतेहपुर के विभिन्न थानों पर चोरी, आबकारी एक्ट, एनडीपीएस एक्ट आदि के 15 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना कल्यानपुर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–गोलू उर्फ राजकुमार निवासी नारायणपुर थाना चकेरी, कानपुर नगर।

2–रामसंजीवन निवासी नारायणपुर थाना चकेरी, कानपुर नगर।

**बरामदगी**

1–नगद रूपये।

2–01 मोटर साइकिल।

3–02 अवैध तमंचा मय जीवित/खोखा कारतूस आदि।

## जनपद कुशीनगर/थाना पटहेरवा

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त सहित 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 चार पहिया वाहन**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 11.01.2025 को थाना पटहेरवा, थाना तमकुहीराज, थाना तरयासुजान की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर लबनिया चौराहा के समीप बसंतपुर झरही मोड़ के पास बदमाशों की घेराबन्दी की गयी तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1–परवेज 2–आजाद घायल हो गये, जिन्हें गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 01 चार पहिया वाहन, 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त परवेज थाना तमकुहीराज जनपद कुशीनगर पर पंजीकृत गैंगेस्टर एक्ट के अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना पटहेरवा पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–परवेज निवासी सरया खुर्द थाना तमकुहीराज जनपद कुशीनगर।

2–आजाद निवासी ज्वार थाना पटहेरवा जनपद कुशीनगर।

**बरामदगी**

1–01 चार पहिया वाहन।

2–02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## जनपद बरेली/थाना शेरगढ़

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के नगद रूपये**
- **घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनॉकः 11.01.2025 को थाना शेरगढ़ व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम मोहम्मदपुर तिराहा के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त बौध शरन उर्फ बुद्धा को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लूट के नगद रूपये, घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना शेरगढ़ पर पंजीकृत अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना शेरगढ़ पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1– बौध शरन उर्फ बुद्धा निवासी ग्राम मौजम नंगला थाना नवाबगंज जनपद बरेली।

**बरामदगी**

1—लूट के नगद रूपये।

2—घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल।

3—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

## जनपद बागपत/थाना सिंघावली अहीर

- **05 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनॉकः11.01.2025 को थाना सिंघावली अहीर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से पुरस्कार घोषित अभियुक्त सलीम को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना सिंघावली अहीर पर पंजीकृत गैंगेस्टर एक्ट के अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 05 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद बागपत के विभिन्न थानों पर चोरी, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 07 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना सिंघावली अहीर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—सलीम निवासी जाकिर कालोनी थाना लोहिया नगर जनपद मेरठ।

## जनपद मुजफ्फरनगर/थाना खालापार

- **पुलिस कार्यवाही में 01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 मोबाइल फोन**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 10.01.2025 की रात्रि थाना खालापार पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर सूजडू से काली नदी जाने वाले रास्ते पर बदमाश की घेराबन्दी की गयी तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त वसीम घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया

गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 मोबाइल फोन, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद मुजफ्फरनगर के विभिन्न थानों पर हत्या का प्रयास, सीएस एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 08 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना खालापार पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—वसीम निवासी गुलर वाली गली खालापार थाना खालापार जनपद मुजफ्फरनगर।

**बरामदगी**

1—01 मोबाइल फोन।

2—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

**जनपद देवरिया/थाना खामपार**

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 02 लाख 50 हजार रूपये (कीमत) के 44 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब**
- **घटना में प्रयुक्त स्कार्पियों वाहन**
- **01 फर्जी नम्बर प्लेट बरामद**

दिनॉकः 10.01.2025 को थाना खामपार पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर कुकुरघाटी सरया मार्ग के पास से 02 अभियुक्तों 1—अंकित कुमार 2—मिन्टू कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 02 लाख 50 हजार रूपये (कीमत) के 44 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब, घटना में प्रयुक्त स्कार्पियों वाहन, 01 फर्जी नम्बर प्लेट बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना खामपार पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—अंकित कुमार निवासी वाकी खुर्द थाना बरेसर जनपद गाजीपुर।

2—मिन्टू कुमार निवासी रामपुर पश्चिम टोला मुफसिल जनपद सिवान, बिहार।

**बरामदगी**

1— लगभग 02 लाख 50 हजार रूपये (कीमत) के 44 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब ।

2—घटना में प्रयुक्त स्कार्पियों वाहन।

3—01 फर्जी नम्बर प्लेट।

## एसटीएफः जनपद प्रतापगढ़ से रुपये 50,000/— का पुरस्कार घोषित अभियुक्त सालिग उर्फ रेहान नागपुर (महाराष्ट्र) से गिरफ्तार।

दिनांकः 10—01—2025 को एस0टी0एफ0, उ0प्र0 को थाना कोतवाली, जनपद प्रतापगढ़ पर पंजीकृत मु0अ0सं0—628/2024 धारा 304 बी0एन0एस0 में वांछित व रू0 50,000/— का पुरस्कार घोषित अभियुक्त सालिग उर्फ रेहान ईरानी को नागपुर (महाराष्ट्र) से गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः—**

1— सालिग उर्फ रेहान ईरानी पुत्र सौकत उर्फ महमूद, निवासी अमन कॉलोनी ईरानी डेरा, थाना—निशातपुरा, जनपद भोपाल (मध्य प्रदेष)

**बरामदगीः—**

1— 14 अदद सोने की चेन (वजन करीब 80 ग्राम)

2— 02 अदद फोन

3— 02 अदद ट्रॉली बैग।

4— रूपये 10,000/—नगद।

**<u>गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय–</u>**

थाना कोडारी नगर क्षेत्र नागपुर महाराष्ट्र। दिनांक 10–01–2025 को समय लगभग 17.00 बजे।

विगत काफी दिनों से उत्तर प्रदेश के जनपदों में वांछित पुरस्कार घोषित अपराधियों के सक्रिय होकर आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिये जाने की सूचनायें प्राप्त हो रही थी। इस सम्बन्ध में एस0टी0एफ0 की विभिन्न टीमों/इकाईयों को अभिसूचना संकलन एवं कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके क्रम में श्री सत्यसेन यादव, अपर पुलिस अधीक्षक, एस0टी0एफ0, उ0प्र0 लखनऊ के पर्यवेक्षण में अभिसूचना संकलन की कार्यवाही की जा रही थी।

निरीक्षक श्री प्रमोद कुमार वर्मा के नेतृत्व में उ0नि0 श्री वीरेन्द्र सिंह यादव, मु0आ0 प्रभात कुमार, मु0आ0 विजेन्द्र नाथ राय, आरक्षी अमित कुमार यादव चालक अफजाल की एक टीम द्वारा अभिसूचना संकलन की जा रही थी। इस दौरान ज्ञात हुआ कि थाना कोतवाली, जनपद प्रतापगढ़ पर पंजीकृत मु0अ0सं0–628/2024 धारा 304 बी0एन0एस0 में वांछित व रू0 50,000/– का पुरस्कार घोषित अभियुक्त सालिग उर्फ रेहान ईरानी हैदराबाद से ईराक जाने की फिराक में है। यदि जल्दी की जाये तो पकड़ा जा सकता है। प्राप्त सूचना पर एसटीएफ टीम द्वारा दिनांक 10–01–2025 को वांछित अभियुक्त सालिग उर्फ रेहान इरानी को थाना कोडारी नगर क्षेत्र नागपुर महाराष्ट्र से आवष्यक बल प्रयोग करते हुए गिरफ्तार कर लिया गया, जिसके पास से उपरोक्त बरामदगी हुई।

पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि इसका एक गिरोह है, जो अलग–अलग राज्यों में घूमकर लूट/चोरी आदि अपराधिक घटनाओं को अंजाम देता है। यह वर्ष–2014 में अपने गिरोह के सदस्यो (सहादत हुसैन ईरानी उर्फ शदाब, गुलाम उर्फ काकडी व अब्बासी पुत्र लाला उर्फ पिल्लू निवासी ईरानी डेरा थाना निशातपुरा भोपाल मध्य प्रदेश) के साथ मिलकर भोपाल (मध्य प्रदेष) में लगभग एक दर्जन से अधिक लूट की घटनाओं को अंजाम दिया था। दिनांक 13–11–2024 को अपने साथियो के साथ मिलकर जनपद मतेश्वरी गोल्ड ज्वैलर्स चौक लखनऊ के सेल्समैन श्री शिवशंकर शुक्ला जो सोने की चेन सप्लाई करने हेतु प्रतापगढ़ गये थे, से अपने को पुलिस बताकर उनका बैग चेक करने करने लगे और बैग में रखे लगभग 237 ग्राम सोने के आभूषण लूट लिये थे। जिस सम्बन्ध में थाना–कोतवाली जनपद प्रतापगढ़ में अभियोग पंजीकृत हुआ था। जिसमें अभियुक्तो के गिरफ्तारी हेतु पुरस्कार घोषित था।

1– मु0अ0सं0 55/14 धारा 392 भादवि थाना गॉधीनगर, भोपाल।
2– मु0अ0सं0 105/14 धारा 392 भादवि थाना हबीबगंज, भोपाल।
3– मु0अ0सं0 115/14 धारा 392 भादवि थाना शाहपुरा, भोपाल।

4– मु0अ0सं0 116/14 धारा 392 भादवि थाना अध्योया नगर, भोपाल।

5– मु0अ0सं0 166/14 धारा 392 भादवि थाना पीपलानी, भोपाल।

6– मु0अ0सं0 189/14 धारा 392 भादवि थाना अध्योया नगर, भोपाल।

7– मु0अ0सं0 210/14 धारा 392 भादवि थाना कोहेफीजा, भोपाल।

8– मु0अ0सं0 223/14 धारा 392 भादवि थाना बैरागढ़, भोपाल।

9– मु0अ0सं0 251/14 धारा 392 भादवि थाना कमलानगर, भोपाल।

10–मु0अ0सं0 316/14 धारा 392 भादवि थाना पीपलानी, भोपाल।

11–मु0अ0सं0 337/14 धारा 392 भादवि थाना हनुमानगंज, भोपाल।

12–मु0अ0सं0 443/14 धारा 392 भादवि थाना गोविन्दपुरा, भोपाल।

13–मु0अ0सं0 651/17 धारा 147, 148, 149, 353, 332 भादवि थाना निशातपुरा, भोपाल।

14–मु0अ0सं0 628/24 धारा 304 बीएनएस, थाना कोतवाली, प्रतापगढ़।

गिरफ्तार अभियुक्त को मु0अ0सं0 628/24 धारा 304 बी0एन0एस0 थानाक्षेत्र कोतवाली जनपद प्रतापगढ़ में दाखिल किया गया है। अग्रिम विधिक कार्यवाही स्थानीय पुलिस द्वारा की जा रही है।

———